**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन नैनीताल 28 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों कुलपतियों ने विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों आदि की जानकारी दी।

राज्यपाल ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए विश्वविद्यालयों को नवाचार, कौशल विकास तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शोध और अनुसंधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने कुलपतियों से ''वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च'' के अंतर्गत शोध कार्यक्रम की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

..............0.............